# पंखा उठाकर दूसरी तरफ रख रही महिला को लगा करंट, मौत

## चाट विक्रेता पति के लिए टिक्की का सामान तैयार कर रही थी रिंकी

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मोहल्ला शास्त्रीनगर में फर्राटा पंखा उठाकर दूसरी तरफ रखने पर महिला को करंट लग गया। परिवार वाले उसे सीएचसी ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसका पति चाट का ठेला लगाता है। वह आलू की टिक्की के लिए पिट्ठी बना रही थी। उसका मायका बिहार के गया जिले में है। मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गई है।


मृतका रिंकी।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी चाट विक्रेता दिनेश गुप्ता की पत्नी रिंकी(24) रविवार की सुबह 10 बजे फर्राटा पंखा लगाकर कमरे में आलू छीलकर आलू की पिट्ठी तैयार कर रही थी। उसने सोचा कि पंखा उठाकर दूसरी तरफ कर दूं, लेकिन वह पंखे का प्लग निकालना भूल गई। उसने पंखा उठाया तो अचानक करंट लग गया। वह चिल्लाती हुई बेहोश हो गयी। उसकी ननद रागनी कमरे में गई तो देखा कि वह बेहोशी की हालत में पंखे के पास पड़ी थी। उसके शोर मचाने पर परिजन आ गए। पंखे का प्लग बोर्ड से निकाला और उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव लेकर घर पर आ गए।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह मौके पर पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी। पुलिस ने पंखे का प्लग लगाकर चेक किया तो उसमें करंट आ रहा था। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका रिंकी का मायका बिहार राज्य के गया जिले में है। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी। उसकी कोई संतान नहीं है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि बिजली के करंट महिला की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि उसके मायके वालों को सूचना दे दी गयी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### ट्रॉली से गिरकर बालक की मौत

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरोवर निवासी अभिषेक(12) गांव वालों के साथ कांवड़ लेकर ट्रॉली से फर्रुखाबाद पांचाल घाट पर गंगा जल लेने के लिए गया था। रविवार की दोपहर गंगा जल लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोला जा रहा था। अल्हागंज क्षेत्र में ठिगरी गांव के सामने अभिषेक ट्रॉली से नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव भाभी निवासी सगीर अपनी बाइक से शनिवार की देर रात पूरनपुर से बंडा की तरफ आ रहा था। पूरनपुर-बंडा मार्ग पर महोलिया गांव के सामने वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## ट्रक की चपेट में आकर 10 गोवंशीय पशुओं की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** -जलालाबाद-कटरा हाईवे पर रविवार सुबह पांच बजे अतिबरा के पास ट्रक की चपेट में आकर 10 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई।

जलालाबाद-कटरा मार्ग पर रविवार सुबह पांच बजे शाहजहांपुर से जलालाबाद के लिए सरकारी राशन लेकर 16 टायरा ट्रक जा रहा था। गांव अतिबरा के पास सड़क के दूसरी ओर एक टेंपो चालक टेपो में सवारियां बैठा रहा था, जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने ट्रक को साइड से निकालने की कोशिश की, तभी सामने से दो गोवंशीय झगड़ते हुए सामने से आ गए। जिन्हें ट्रक की चपेट लग गई। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक की चपेट कुछ दूरी पर पशुओं का झुंड आ गया। जिसमें दस गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई।

सूचना संगठन के विपिन सिंह उर्फ छोटू को मिली तो इन लोगों ने सामने से आ रहे ट्रक को रोक लिया और उसके चालक तालिब सहित ट्रक पुलिस को सौंप दिया जबकि हेल्पर राजेश फरार हो गया। कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया की मृतक गोवंश को दफन कर दिया गया है। ट्रक के चालक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


व्यापारियों के साथ बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# व्यापारियों ने अफसरों के सामने उठाया सड़कों का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिव बरात को लेकर हुई अधिकारियों के साथ बैठक
- दिक्कतों के बारे में गणमान्य लोगों से जानकारी ली गई

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में 17 अगस्त को निकलने वाली शिव बरात के संबंध में रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और सीओ सिटी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बरात में आने वाली दिक्कतों के बारे में गणमान्य लोगों से जानकारी ली गई।

जिसमें व्यापार व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि बरात में कई जिलों से लाखों की संख्या में लोग आते हैं और जिले की सड़कें चार खंभा से सदर बाज़ार तक सीवर लाइन की खोदाई के चलते धंसी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों को तुरंत ठीक कराया जाए। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि सड़क सही से नहीं बनाई जा रही, जिससे रोड बार-बार धंस रही है।

शिव बरात के आयोजक आशीष गुप्ता ने कहा कि बिजली के तार नीचे लटके हुए हैं, इसको सही करवाया जाए। पिछली बार भी दिक्कतें हुई थीं। इस मौके पर राजीव खन्ना, दीप श्रीवास्तव, राजीव सिंह, सुशील दीक्षित, अखिल मिश्रा, आलोक मिश्रा, प्रभाकर वर्मा, सतीश सिंह, कोतवाल राजीव तोमर आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगा निःशुल्क शिविर



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर अकर्रा रसूलपुर शाहजहांपुर में नि :शुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कैंप में मरीजों की नि :शुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां नि :शुल्क दी गई और जांचें व सिटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि आगे भी प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को नि :शुल्क हड्डी रोग शिविर लगता रहेगा। हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया। पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण आदि की सुविधा सस्ती दरों पर उपलब्ध है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड धारकों का इलाज किया जाता है। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण डॉ. कुसुम चंद्रा (विभाग अध्यक्ष हड्डी एवं जोड़ रोग) व डॉ. सोमनाथ की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।

### फंदे पर लटक कर युवक ने दे दी जान

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** जनपद हरदोई के थाना पचदेवरा के गांव फकरा निवासी रामकुमार(33) लगभग दो माह पूर्व थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के चमकनी गाड़ीपुरा में किराए के एक मकान में रहने आया था। जहां वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार रात लगभग 10 बजे के आसपास युवक ने फंदे पर लटककर जान दे दी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉ. ने रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के पत्नी मोहनी, चार पुत्रियां और एक पुत्र है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, केस दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी दीपू सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 15 जून को उसके पिता राजाराम पुवायां कुछ सामान खरीदने गए थे। उनके साथ रिश्तेदार मनोज कुमार सिंह भी थे। मनोज बाइक चला रहे थे। शाम 6 :00 बाइक जैसे ही धर्मगंदापुर गांव के पास पहुंची सामने से आ रही एक कार के चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए साइड से टक्कर मार दी, जिससे पिता घायल हो गए और स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें लखनऊ के एक अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनकी 19 जून को मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मालगोदाम रोड पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रविवार की सुबह आठ बजे मालगोदाम रोड पर युवक लेटा हुआ था। कपड़ों में प्रेस करने वाले व्यक्ति ने उसे उठाया तो वह उठा नहीं। उसने लोगों को बताया कि लेटा युवक उठ नहीं रहा है। क्षेत्र के पार्षद मुन्ना ने सदर बाजार थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर गए और देखा कि युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पायी। मृतक की उम्र 35 साल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया कि मानसिक मंदित था और माल गोदाम रोड पर भीख मांगा करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तिरंगा यात्रा को लेकर बनाई रणनीति

**कलान।** ब्लॉक मुख्यालय पर मंडल की संगठनात्मक बैठक भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 11 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने को रणनीति बनाई गई। रमाकांत मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, रामगोपाल वर्मा, चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता, , सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय मोहन मिश्रा , वीरभान सिंह विवेक गुप्ता , संजय सिंह, राजकुमार सूर्यवशी , राघवेंद्र मिश्रा युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**अल्हागंज ,अमृत विचार :** केडी सिंह कॉलेज सुगसुगी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन रमाकांत मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख लता सिंह के पति अमित सिंह व उद्योगपति राकेश सिंह बहुगुणा, कॉलेज प्रबंधक संतोष सिंह परमार ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान भंडारे में कांवड़ियों को भोजन कराया। इस मौके पर सुरजीत राठौड़ , संजीव चौहान, रणविजय सिंह ,शिवांशु सिंह परमार,उदय प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह , आदर्श सिंह परमार, गुड्डू सिंह आदि थे।

### गोकशी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पांच अगस्त को अभियुक्त युनुस निवासी खैरपुर थाना कटरा के खिलाफ गौकशी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जो फरार चल रहा था। पुलिस ने शनिवार की सुबह दस बजे अभियुक्त युनुस को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में अपराध निरीक्षक विनोद कुमार आदि थे।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 09 पर भी पढ़े

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में होगा 10 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन


शिविर में बच्चे की जांच करतीं डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जैतीपुर के राजेश्वरी देवी कॉलेज में किया गया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को राजेश्वरी देवी बाबूराम इंटर कॉलेज जैतीपुर में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 379 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद मिला। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा। 186 मरीजों की ब्लड शुगर व लगभग 204 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गयी। लगभग 345 मरीजों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचे करवाने के लिए जागरूक कर परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी।

शिविर में बाबूराम मिश्रा, उमेशचंद्र मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. स्मृति झा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. रिव्या सिंह एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल गंगवार व पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# फर्स्ट क्राई डे केयर एंड एक्टिविटी सेंटर का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ ने बच्चे को गोद में उठाकर प्रवेश कराया

**अमृत विचार:** महानगर में आवास विकास बरेली मोड़ स्थित फर्स्टक्राई प्रीस्कूल इंटेलीटोट्स डे केयर एंड एक्टिविटी सेंटर का रविवार को उद्घाटन किया गया।

पहले बच्चे को गोद में उठाकर वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. यूडी कपूर एवं उनकी पत्नी डॉ. नीना कपूर ने गोद में उठाकर स्कूल में प्रवेश कराया। इस अवसर पर व्यापारी नेता कुलदीप सिंह दुआ, सांसद अरुण सागर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सचिन बाथम, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अशोक अग्रवाल व उनकी पत्नी डॉ. किरण अग्रवाल, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. ब्रजेंद्र सक्सेना, डॉ. दीपा सक्सेना, कृष्णा हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रतीक रस्तोगी, राजीव गुप्ता, डॉ. विभोर जैन, डॉ. मेघा गुप्ता, डॉ. शिवानी गुप्ता, डॉ. अमित जैन, स्कूल के डायरेक्टर डॉ. पुनीत जैन, डॉ. एमपी गंगवार, डॉ. राहुल पालीवाल, डॉ. नेपाल सिंह, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. राणा प्रताप, डॉ. नीरा गोयल, डॉ. अनूप अग्रवाल, डॉ. आनंद अग्रवाल, डॉ. परविंदर सिंह, डॉ. नीना सिंह आदि उपस्थित रहे। डॉ. एसके जैन ने बताया कि महानगर में इस तरह के संस्थान की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसमें डेढ़ साल से बच्चों का भी प्रवेश लिया जाएगा इसलिए बहुत सारी विशेषताओं का ध्यान रखा गया है। बच्चों को उनके स्वाभाविक पारिवारिक वातावरण में रखकर उनके सर्वांगीण विकास का प्रयास होगा। अंत में सभी का आभार सेंटर हेड रेनू शर्मा ने व्यक्त किया।


बच्चे को गोद में उठाकर स्कूल में प्रवेश कराते डॉ. यूडी कपूर। साथ में मौजूद अन्य लोग।

## आठ वारंटी गिरफ्तार चालान किया

**पुवायां, अमृत विचार:** पुवायां प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अभियुक्त महेश निवासी गंगसरा, पुवायां, मुन्दरपाल व हेमसिंह निवासी विजला, पुवायां, संजू व सोनू निवासी नाहिल थाना पुवायां विकास निवासी नवावपुर थाना पुवायां, हरिओम निवासी लखनपुर थाना पुवायां नवीशेर निवासी भरतापुर थाना पुवायां के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, मोहित कुमार, करतार सिंह आदि थे।

# पुलिस कार्रवाई पर वादी ने उठाए सवाल

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** प्रशासन के निर्देश पर महीने के हर दूसरे एवं चौथे रविवार को वादी दिवस का आयोजन होगा। रविवार को कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रयांक जैन की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम वादी दिवस में 13 लोग पहुंचे, जिसमें एक वादी ने पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जाहिर किया।

कोतवाली परिसर में रविवार को सुबह 11:00 बजे से वादी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे उदयपुर कटिया निवासी आसिफ खान ने बताया कि धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुकदमे की स्थिति पूछने पर कोतवाल ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डड़िया निवासी महिपाल के मामले में साक्ष्य एकत्र किए जाने की जानकारी दी गई। फत्तेपुर गैसरा निवासी सुरमेंद्र यादव पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा कि जानलेवा हमले के मामले में केवल अब तक एक आरोपी को ही जेल भेजा गया है। बाकी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कोतवाल विशाल प्रताप सिंह से बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया वादी दिवस में 13 लोग आए थे, 12 लोग पुलिस की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट रहे। इस दौरान कोतवाली के सभी विवेचक वादी दिवस में मौजूद रहे।

### 244 मुकदमों का फीडबैक लिया

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देश पर प्रत्येक थानों पर वादी दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर पंजीकृत 244 मुकदमों में विवेचक द्वारा वादी से प्रचलित विवेचनाओं में फीडबैक लिया गया। अधिकांश वादी संतुष्ट पाए गए। वादी दिवस प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ रविवार को प्रत्येक थानों पर आयोजित किया जाएगा। वादी अपने मुकदमों की जानकारी प्राप्त कर सकते है।



रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 12 अगस्त 2024, सोमवार समय-प्रातः 9:30 से 1:00 बजे तक
- आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखंड हॉस्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।

नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा विकलांग जनो को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें आदि प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से : ● स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा, विधान सभा, पीलीभीत ● ● सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी ● डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एम.एल.सी. पुवायाँ
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

# शिव महापुराणःसमापन पर हुए भंडारे में हजारों ने छका प्रसाद


खिरनीबाग मैदान में श्री शिव महापुराण के समापन पर सामूहिक रुद्राभिषेक करते भक्त।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भक्तों ने किया सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक

**अमृत विचार:** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से श्रावण मास में कराई गई श्री शिव महापुराण कथा का सामूहिक रुद्राभिषेक और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन रविवार को हजारों महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हालत यह थी कि मूसलाधार बारिश में भी भंडारा रुका नहीं, लगातार लोग उमड़ते रहे।

इससे पहले शनिवार को देर शाम तक पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक किया गया। वृंदावन के कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने अपनी टीम आचार्यों के साथ मंत्रोच्चार करते हुए विधि-विधान से शिवार्चन संपन्न कराया। अंतिम आहुति के रूप में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया।

मुख्य यजमान हरिशरण वाजपेयी और संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी की देखरेख में चले भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में दीपक शर्मा, अशोक गुप्ता पुवायां, डॉ. विजय पाठक, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, नितिन तिवारी, अक्षय तिवारी, बलजीत दीक्षित, विष्णु मिश्रा, महिमा शुक्ला, सीमा वाजपेई, रेखा मिश्रा, देवप्रभा वाजपेई, वंदना गुप्ता, रवि मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, जितेंद्र नाथ तिवारी, मुनेश्वर सिंह, अरविंद त्रिपाठी, विश्वमोहन वाजपेयी आदि का योगदान रहा।

### नाबालिग से दुष्कर्म

**तिलहर।** एक ग्रामीण ने बताया कि 9 अगस्त की रात वह घर पर नहीं था। आरोप है कि इसी दौरान धनौरा गांव का लाखन सिंह रात लगभग 12 बजे उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। वहीं कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आरोपी घर से फरार है।

### किशोरी को किया अगवा

**पुवायां।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 6 अगस्त को समय करीब 5 बजे शाम को मझिगवा गांव का अनूप पुत्र शिवकुमार उसकी 15 वर्षीया बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की युवती ने बताया कि एक मई 23 को नोएडा में नौकरी करने के लिए गयी थी। उसकी मुलाकात आगरा के भोला यादव से हुई। उससे बात करते-करते अच्छी जान पहचान हो गयी। आरोपी उसके कमरे पर आता जाता था। आरोपी ने आपत्तिजनक मोबाइल से फोटो खींच लिए थे। आरोपी अब फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर/सुपरवाइजर की
योग्यता :- स्नातक
लैब टेक्निशियन
योग्यता :- जॉब प्रोफाइल के अनुसार
नोटः- स्थानीय व्यक्ति को वरीयता
VAMRCH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर
एच.आर.ऑफिस कमरा नं. 102
मो.-7521001986

## एक नजर

### करंट लगने से युवक झुलसा, हालत गंभीर

**बीसलपुर।** मोहल्ला ग्यासपुर के रहने वाले हनीफ का पुत्र सोनू छत पर चढ़कर घर की लाइट ठीक कर रहा था। परिजनों के मुताबिक इस बीच बिजली के तार अचानक से छू जाने पर हनीफ को करंट लग गया। झटका लगते ही वह छत से नीचे गिर पड़ा। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आनन-फानन में परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल युवक को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण घायल

**बीसलपुर।** मोहल्ला बख्तावर लाल के रहने वाले नन्हेलाल अपनी बेटी का एडमिट कार्ड लेने बाइक से जा रहे थे। उनके मुताबिक बिलसंडा मार्ग पर स्थित डायट कार्यालय के पास पहुंचते ही अचानक से सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। बाइकों क आमने-सामने भिड़ंत में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक का चालक घटना के बाद मौके से भाग गया। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया है।

# किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों का आरोप- तंत्र मंत्र में चली गई बेटी की जान

## जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव करइया में घटना से सनसनी, गांव के दो लोगों पर शक जता कार्रवाई की मांग

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** लंबे समय से बीमार एक किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने किशोरी की मौत पर गांव के रहने वाले दो लोगों पर तंत्र विद्या कराने के आरोप लगाया है। इसके साथ ही दोनों लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

घटना जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव करइया की है। यहां के रहने वाले गोधन लाल की 17 वर्षीय पुत्री मधु लंबे समय से बीमार चल रही थी। परिवार वालों ने डॉक्टर को दिखाकर काफी इलाज कराया। आरोप है कि उपचार कराने के बाद भी किशोरी की हालत में कुछ सुधार नहीं हुआ। इस पर परिजन को शक हुआ कि उनकी बेटी पर किसी तरह की तंत्र विद्या की गई है। इस झाड़ फूंक भी कराई गई।

मगर, शनिवार रात किशोरी की मौत हो गई। परिजन ने गांव के ही दो लोगों पर बेटी पर तंत्र विद्या कराकर जान लेने का आरोप लगाया। आसपास के काफी लोग जमा हो गए। रविवार सुबह घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन से जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### अंधविश्वास या बीमारी...पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

किशोरी की मौत के बाद परिवार ने दो लोगों पर तंत्र विद्या कराने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस पर पुलिस जांच भी कर रही है। बताते है कि मौत के बाद शनिवार को देर रात तक वार्ता चली और फिर दूसरे दिन शिकायत पुलिस से की गई। किशोरी को भूत प्रेत का चक्कर होने के शक में ही मामला चिकित्सीय इलाज से तंत्र विद्या तक पहुंचने की बात निकलकर आ रही है। फिलहाल अब किशोरी का काल अंधविश्वास रहा या फिर बीमारी ने जान ली। अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। जांच में अब तक पता चला है कि किशोरी को ऊपरी चक्कर होने का परिजन को शक था और वह काफ समय से उसका इलाज करा रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। - **संजीव कुमार शुक्ला**, इंस्पेक्टर जहानाबाद

## फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का माना जा रहा है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।


मृतक फईम।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मद वासिल का रहने वाला 31 वर्षीय फईम पुत्र नबी हुसैन डनलप चलाता था। शनिवार रात को वह खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। रविवार रात कब काफी देर तक युवक नहीं दिखा तो परिजन उसे बुलाने गए। इस दौरान उसका शव रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जांच की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

इधर, फईम की मौत के बाद परिवार में कोहराम है। उसके खुदकुशी करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस की मानें तो अभी तक जांच पता चला है कि युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। पत्नी मायके में ही बच्चों के साथ मोहल्ले में रह रही है। उधर , पत्नी पक्ष से बंटवारे के विवाद की जानकारी मिली है।

## बारिश में बही सड़क दुरुस्त न कराने से ग्रामीणों की मुश्किल


बढ़ैरा से गुलड़िया जाने वाली मार्ग पर कटी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरिया कला

**अमृत विचार :** पिछले माह हुई बारिश में कई जगह सड़कें कट गईं थीं। इसमें कई सड़कें ठीक करा दी गई। लेकिन, बढ़ैरा से गुलड़िया राधे गांव जाने वाली सड़क ठीक करना तो दूर मिट्टी तक नहीं डलवाई है। आवागमन ठप होने से ग्रामीणों में रोष हैं। उन्हें पांच किलोमीटर की दूरी तय कर गांव में आना पड़ता है। शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है।

वर्ष पीडब्ल्यूडी की ओर से बढ़ैरा से गुलड़िया राधे को जाने वाले मार्ग पर एक दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया था। यह सड़क पिछले माह मानसून की तेज बारिश में कट गई थी। सड़क कटने से अब लोगों का आवागमन ठप पड़ा है। किसी तरह ग्रामीणों ने पैदल निकलने के लिए रास्ता बनाकर अपना काम चल रहे हैं। लेकिन इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों ट्रैक्टर ट्राली का आवागमन नहीं होने पर ग्रामीणों को ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आने के लिए पांच किलोमीटर बेनीपुर गांव के जरिए आना पड़ता है। बढ़ैरा ग्राम पंचायत का ही मजरा गुलड़िया राधे है। ऐसे में तमाम ग्रामीणों ने बढ़ैरा के ग्राम प्रधान देवपाल से मिलकर इस कटी हुई सड़क पर मिट्टी डलवा कर आवागमन शुरू कराए जाने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## उतराखंड के सांसद अजय भट्ट ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**मझोला,अमृत विचार :** राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने मझोला खटीमा सीमांत क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशन मझोला-पकड़िया पर एक एक अतिरिक्त किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टोपेज न होने से आ रही समस्याओं से पूर्व केंद्रीय रक्षा और पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट से भेंट कर उनको अवगत कराया था। उन्होंने कहा था मझोला खटीमा सीमांत क्षेत्र में स्थित मझोला पकडिया रेलवे स्टेशन उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश दोनों प्रदेशों के सैकड़ों ग्रामों के लोगों के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराता है। रेलवे स्टेशन से उत्तराखंड के बग्गा, सरपुडा, मझोला गांव, बनगवां, रघुलिया, 17 मील, कंचनपुरी, नौसर, जमौर, भगचुरी, बंडिया, ढाकी, दाह, जादोंपुर, सुनपहर ,मेहरबान नगर, मझगमी, उलानी,कंचनपुरी समेत उत्तराखंड के कई दर्जन ग्रामों के लोग अपने गंतव्यों के लिए निकलते हैं। फिर ट्रेन का स्टॉपेज नहीं है। इस पर उत्तराखंड सरकार में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और ऊधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को फोन और पत्र भेजकर अवगत कराया है।

# कहासुनी के बाद युवक ने दोस्त पर फेंका एसिड

- हालत बिगड़ने पर युवक बरेली किया गया रेफर, बिलसंडा के गांव जादौपुर का मामला

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** दोस्ती में कब दरार पड़ जाए ,कुछ कहा नहीं जा सकता। रविवार को दो दोस्तों ने साथ में बैठकर पहले शराब पी, नशा चढ़ा तो आपस में ही भिड़ गए । दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि एक दोस्त ने दूसरे के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


मिथुन के बयान दर्ज करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत सिंह। ● अमृत विचार

थाना क्षेत्र के गांव जादौपुर नथा निवासी हरद्वारी लाल के 23 वर्षीय पुत्र मिथुन से मिलने के लिए शाहजहांपुर के कस्बा बंडा निवासी दीपक रविवार को मिलने आया था। बताते हैं कि दोनों में गहरी दोस्ती थी। जिसके चलते दोनों ने ब्लॉक कॉलोनी के समीप स्थित एक मकान में बैठकर कच्ची शराब पी। आरोप है कि इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

विवाद इतना बढ़ा कि उसने मिथुन के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोग पहुंचे। तो उसे पड़ा देखकर मामले की सूचना परिवार वालों को दी। इसके बाद उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन वहां पर चिकित्सक ने बरेली ले जाने की सलाह दी। उधर घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित का बयान दर्ज किया। उधर सवाल यह उठता है कि जब दोनों के बीच झगड़ा हुआ, तो उसे वक्त दीपक के पास तेजाब कहां से आया। क्या पहले से ही कोई प्लानिंग थी। जिसका वह इंतजार कर रहा था। थाना अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि आखिर उसके पास तेजाब कहां से आया। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की गहनता से पड़ताल कर रही है।उधर घटना की तहरीर पीड़ित के पिता ने आरोपी दीपक के खिलाफ पुलिस को दी।

Bareilly International University
BARELLY INTERNATIONAL UNIVERSITY विद्याफलम् परोपकाराय
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## गन्ने का बकाया भुगतान नहीं मिला तो होगा आंदोलन

**अमृत विचार, बिलसंडाः** ब्लाक क्षेत्र के करीब 50 फीसदी किसान बजाज शुगर मिल मकसूदापुर को गन्ने की सप्लाई करते हैं। मिल ने गत वर्ष छह नवंबर से दो मार्च तक गन्ने की खरीद की। इस दौरान मिल ने 300 करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना खरीदा, लेकिन भुगतान सिर्फ 51 दिन का किया । ऐसे में किसान बकाया भुगतान को लेकर भटक रहे हैं। गन्ना किसान वीरेंद्र सिंह व कीरत वर्मा ने बताया गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आ रहा है। जिसकी किसानों की भरपाई मुश्किल है। बावजूद मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा है। इधर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने कहा कि किसान परेशान है और चीनी मिल किसानों का 200 करोड़ से अधिक भुगतान दबाए बैठी है। निर्णय लिया गया कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया, तो कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# अस्पताल, होटल समेत 10 संस्थानों के बेसमेंट खंगाले, रिपोर्ट सौंपी

- दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद जिलाधिकारी ने जांच के दिए थे निर्देश
- नायब तहसीलदार समेत चार सदस्यीय कमेटी गठित कर सिटी मजिस्ट्रेट ने कराई जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** दिल्ली के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुए हादसे के बाद डीएम के निर्देश पर गठित की गई टीम ने जनपद के अस्पताल, कोचिंग समेत अन्य संस्थानों में बेसमेंट में चल रही गतिविधियों की जांच के निर्देश दिए थे। यह जांच पूरी कर ली गई है। जांच टीम ने चार हॉस्पिटल समेत 10 संस्थानों की जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी है। जल्द ही इन संस्थानों के बेसमेंट में मानकों का सत्यापन कराकर रिपोर्ट जिलाधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद यह रिपोर्ट शासन को भी भेजी जाएगी।

दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में पिछले माह हुए हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन भी सतर्क है। शहर समेत जिले के अन्य नगर-कस्बों के शैक्षिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों एवं नर्सिंग होमों में भी बेसमेंट बने हैं, जिनमें तमाम तरह की गतिविधियां की जा रही है। डीएम संजय कुमार सिंह ने इन बेसमेंट वाले संस्थानों की हकीकत जानने के लिए जांच के निर्देश दिए थे। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में चार सदस्यीय कमेटी गठित की। टीम में नायब तहसीलदार सदर, अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र, जिला अग्निशमन अधिकारी और थानाध्यक्ष सुनगढ़ी एवं कोतवाली को शामिल किया गया। संयुक्त टीम ने शहर के बेसमेंट युक्त अस्पताल, नर्सिंग होमों, होटलों, जिम, कोचिंग, आदि का एक-एक कार बारीकि सेनिरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एसएस हॉस्पिटल, गायत्री हॉस्पिटल, अनुज नर्सिंग होम, निदान नेत्रालय, निर्मल होटल, मीनार बार, टीवीएस एजेंसी, सर्वोत्तम कलेक्शन, तारा टॉवर, जिम में बेसमेंटों में संचालित गतिविधियों एवं मानकों आदि का गहनता से जांच की। जांच पूरी होने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप दी। सिटी मजिस्ट्रेट टीम के साथ चिन्हित संस्थानों में मानकों का सत्यापन कर रिपोर्ट डीएम को सौंपेंगे।

> जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गठित टीम की ओर से बेसमेंट वाले अस्पताल, जिम समेत कई अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया था। टीम ने जांच रिपोर्ट दे दी है। अब टीम के साथ मौके पर जाकर मानकों समेत कई बिंदुओं पर सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी। - **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

# आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना


बालाजी की महिमा का गुणगान करते महंत सेवक विशाल।


बालाजी दरबार में भजनों पर हाथ उठाकर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- शहर के लेखराज चौराहा पर सजा बालाजी का भव्य दरबार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर के लेखराज चौराहा के पास श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के महंत सेवक विशाल की ओर से शनिवार शाम भव्य दरबार का आयोजन किया गया। जिसके यजमान अगम और अनुराग सक्सेना रहे। दरबार में बालाजी महाराज और बाबा नीम करौली की चौकी सजाई गई। सर्वप्रथम बालाजी महाराज की स्तुति वंदना प्रस्तुत की गई फिर दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा के भजनों का गुणगान किया गया।

महंत सेवक विशाल ने बाबा के भजनों के माध्यम से उनकी लीला का गुणगान किया। जिसस सुनकर श्रद्धालु विभोर हो उठे। इनके बाद सिंगर रेनू ने बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी फिर यज्ञ हुआ। यजमानों ने यज्ञ में आहुति देने के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने अपने संकट का निवारण करने के लिए गोला हवन में छोड़कर मनौती मांगी।

आखिर में बालाजी महाराज की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रवि रत्नाकर, जानू शर्मा, हर्ष तिवारी, अंशु, मोहक सिन्हा,मनीष अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सांड ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, तीन घायल

संवाददाता, बिठौरा कला

- असम हाईवे पर टोल प्लाजा के पास देर रात 10 बजे हुआ हादसा

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर टोल प्लाजा के पास सांड से टकराने की वजह से दो बाइकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की राहगीरों से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

हादसा शनिवार करीब रात दस बजे के आसपास हुआ। क्षेत्र के गांव गौटिया के रहने वाले वेद प्रकाश पुत्र बाबूराम रात में किसी काम से घर से बाइक लेकर निकले थे। घर से कुछ दूरी पर टोल प्लाजा के समीप दूनी बहादुरगंज मोड़ के पास पहुंचते ही अचानक उनकी बाइक के सामने सांड आ गया। इससे उनकी टक्कर हो गई। बताया जाता है कि सांड से टकराने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया। हालांकि दूसरी बाइक पर सवार लोगों को शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे के बाद पुलिस ने बाइको को कब्जे में ले लिया है।

## शहर से सटे ग्राम चंदोई में लाखों की रकम फूंककर गोवंश संरक्षित करने को बने काजी हाउस में लटक रहा ताला

# डीएम साहब! पांच साल से बंद काजी हाउस में गोशाला ही खुलवा दीजिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 2019 में हुआ निर्माण, प्रधान के गोशाला बनाने के सुझाव को भी कर दिया अनसुना

**अमृत विचार :** अममून जब भी छुट्टा पशुओं या फिर उनसे फसलों के नुकसान का मामला सामने आता है तो जिम्मेदार गोशालाएं कम और पशु अधिक होने की बात कहकर अपनी मजबूरी बयां करते दिखते हैं। लेकिन शहर से सटे गांव चंदाई में पांच साल पहले लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए काजी हाउस (पशुशाला) की बदहाली पर किसी की नजर नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि इस काजी हाउस को गोशाला में तब्दील कर उपयोग में लिया जा सकता है, प्रधान की ओर से इसका सुझाव अफसरों को दिया गया मगर जिम्मेदार इसे अनदेखा करने में जुटे हैं। डीएम साहब से मांग है काजी हाउस न सही इसमे गोशाला खुलवा दी जाए।



शहर से गांव चंदोई में बना काजी हाउस का भवन। ● अमृत विचार



परिसर के भीतर खड़ी जंगल-झाड़ी। ● अमृत विचार

मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव चंदोई में वर्ष 2018-19 में राज्य वित्त आयोग से जिला पंचायत स्वामित्वाधीन काजी हाउस का निर्माण कराया गया था। फरवरी 2019 में 8.28 लाख लागत से बनने वाले इस काजी हाउस का शिलान्यास पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने किया था। कुछ माह में ही काजी हाउस बनकर तैयार हो गया। काजी हाउस में चारों ओर बाउंड्री वॉल कराई गई। मुख्य द्वार पर लोहे का मजबूत गेट लगाया गया। पशुओं को बांधने के लिए एक बरामदा और उसमें चारे आदि खाने के लिए नांदें भी बनाई गई। एक अन्य कमरा भी बनाया गया। जिसमें बिजली का कनेक्शन कराते हुए इन्वर्टर, मोटर पंप आदि सुविधाएं मुहैया कराई गई, ताकि आश्रित पशुओं के लिए पीने का पानी मिल सके। ग्रामीणों के मुताबिक शुरुआती दौर में इसका संचालन किया गया था, मगर कुछ दिन बाद ही इसे बंद कर दिया गया। तबसे आज तक इस काजी हाउस में ताला जड़ा है। जिम्मेदार यहां यहां संसाधन बढ़ा देने के बाद इसका उपयोग गोशाला के रूप में ले सकते हैं। इससे किसानों को छुट्टा पशुओं से छुटकारा भी मिल जाएगा, वहीं गोवंशों को भी संरक्षित किया जा सकेगा।

### प्रधान बोलीं-हमें छह माह पहले मिली चाबी

बताते हैं कि इस काजी हाउस की चाबी सालों से पड़ोस में रहने वाले एक ग्रामीण के पास थी। करीब छह माह पहले ही ग्रामीण ने काजी हाउस की चाबी ग्राम प्रधान रोबीना बेगम को दी हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि काजी हाउस के बारे में तो उन्हें कोई जानकारी ही नहीं थी। जानकारी तो तब हुई जब गांव के ही एक ग्रामीण ने उन्हें इसकी चाबी दी। खास बात यह है कि ग्राम प्रधान की काजी हाउस के संबंध में जिम्मेदारों को जानकारी देते हुए इसे गोशाला बनाने का सुझाव भी दिया, लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया।

> मरौरी ब्लाक के गांव चंदोई में काजी हाउस बनाया गया था। इस काजी हाउस को उसी दौरान ग्राम पंचायत के हैंडओवर कर दिया गया था। वर्तमान में वहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी नहीं है। - **हरमीक सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी

## एक नजर

### विवाहित को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** थाना क्षेत्र ग्राम अझारी निवासी माया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लगभग पांच साल पहले न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव ललपुरिया निवासी शिवकुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों ने दहेज में चार पहिया कार की मांग करना शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने पति शिव कुमार, सास नेभा देवी, जेठ धर्मेंद्र, और नंद गीता देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खेत पर जा रहे युवक को घेरकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव नगरा फिजा निवासी घनश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार रात नौ बजे घर से खेत पर जा रहा था। जहां पहले घात लगाए बैठे गांव के ही भूरे और मुनेंद्र उस पर अचानक हमला कर दिया। लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। शोर शराबा मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पेड़ के रुपये मांगने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**गजरौला।** थाना क्षेत्र ग्राम बैजूनागर निवासी गंगा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के हरेंद्र कुमार और बेलमती के साथ सहखातेदारी में आम के पेड़ और सागौन के लगभग 10 साल पुराने लगे हुए हैं। जिन्हें दोनों आरोपियों ने उन्हें बिना जानकारी दिए ही पेड़ों को कटवाने का ठेका कर दिया। जब पेड़ कटने की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंची। जहां सिर्फ पेड़ों की जड़ें पड़ी मिली। इस पर पीड़िता ने अपने सहखातेदार से अपने हिस्से के रुपये मांगे तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में उमड़ेगा शिव भक्तों का जनसैलाब

## 15 हजार से अधिक कावड़ चढ़ने का अनुमान, मंदिरों में कराई गई बैरिकेडिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सावन माह के चौथे सोमवार को गौरीशंकर समेत अन्य शिव मंदिरों में करीब 15 हजार कांवड़ियों की भीड़ का अनुमान है। जलाभिषेक करने को कांवड़ियों के जत्थे कछला घाट रवाना हो चुके हैं जो सोमवार को मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। भीड़ के मद्देनजर गौरीशंकर मंदिर में पुलिस प्रशासन की ओर से बल्लियां लगाकर बैरिकेडिंग की गई है ताकि सभी क्रमबद्ध तरीके से ही शिवालयों में प्रवेश करें। मंदिरों की सुरक्षा पीएसी के हवाले भी रहेगी।

भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था से सराबोर सावन के पूरे महीना कांवड़ियां नजर आएंगे। उनकी टोलियों की संख्या में चौथे सोमवार से पहले शुक्रवार तक भले ही कोई खास भीड़ भाड़ नजर न आए, लेकिन शनिवार सुबह से रविवार को गौरीशंकर मंदिर में सुबह से ही कांवड़ियों की बाबा भैरव को दूधभिषेक करने के लिए भीड़ लगी रही। इसके बाद वह यहां से कछला को रवाना हुए। तीसरे सोमवार को गौरीशंकर मंदिर में करीब सात हजार कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया था। चौथे सोमवार को करीब 15 से 50 हजार कांवड़ियों के आने का अनुमान है।

मंदिर के महंत जय शंकर शर्मा ने बताया कि चौथे सोमवार को जलाभिषेक से पहले संख्या में इजाफा की असल वजह आखिरी सोमवार को रक्षाबंधन होना है। त्योहार मनाने के लिए कहीं बहनों के घर भाई जाएंगे तो कहीं बहनें अपने भाइयों से रक्षा का वचन लेने उनके पास पहुंचेंगी। ऐसे में आखिरी सोमवार को जलाभिषेक करने वाले शिवभक्तों की संख्या कम रह सकती है। ऐसे में चौथे सोमवार को ही कांवड़ियों का रैला उमड़ेगा। इसको लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर के द्वार सुबह चार बजे से खुल जाएंगे। जहां देर रात तक जलाभिषेक किया जाएगा। इधर, रविवार सुबह बरेली हाईवे से बैकुंठ कावड़ लेने के लिए कांवड़ियों के आवगमन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

इन कांवड़ियों को मंडी समिति में बनाए विश्राम स्थल पर ठहराया गया। शाम को होते-होते बरेली हाईवे भगवा रंग से नहा उठा। हर तरफ कांवड़िएं दिखाई दे रहे थे। काला मंदिर से भी शनिवार रात को कछला घाट के लिए करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालु कछला घाट रवाना हुए। जो सोमवार को दोपहर में बाबा का जलाभिषेक करेंगे।



बरेली हाईवे पर सड़क किनारे बैठे कांवड़िये। ● अमृत विचार

- शनिवार रात से रविवार सुबह तक जारी रहा कांवड़ियों के आने जाने का सिलसिला



असम हाईवे पर कांवड़ लेकर आते कावड़िया। ● अमृत विचार

### चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगा पुलिस बल

सावन के चौथे सोमवार को कांवड़ियों की संख्या में इजाफा होने के साथ उनका सुरक्षा चक्र मजबूत करने को एसपी अविनाश पांडे ने अमरिया, जहानाबाद, शाही पुलिस चौकी, ललौरीखेड़ा चौकी, सुनगढ़ी और कोतवाली पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए शुक्रवार रात से सोमवार देर रात तक बरेली मोड़ समेत कई अन्य मार्गों पर रूट डायवर्जन रहेगा। टाइगर तिराहा, असम चौराहा, बीसलपुर रोड, पूरनपुर रोड, जहानाबाद मोड, ईदगाह फाटक जाटों का चौराहा, बरेली दरवाजा, सुनहरी मस्जिद समेत कई जगहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई है। यहां से बड़े वाहन नहीं निकलने दिए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी।



गौरीशंकर मंदिर में चौथे सोमवारकांवड़ियों को लाइन में लगाने के लिए बैरिकेडिंग।



हाईवे पर भोले के भजनों पर झूमते कांवड़ियों।

### पालिका ने संभाला मोर्चा, सड़कें साफ कराई

चौथे सोमवार को लेकर पुलिस प्रशासन के अलावा नगर पालिका भी दिन रात सड़कों पर जुटा रहा। सफाई कर्मियों ने शहर के समस्त मुख्य मार्गो पर साफ सफाई कराई। जिन रूट से कांवड़ियों के जत्थे गुजरेंगे। इसको लेकर गौरीशंकर मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर समेत अन्य जगहों पर सफाई कराने के अलावा चूना आदि डलवाया गया। सभी मंदिरों में कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### विधायक ने कांवड़ियों को वितरित किए फल



**बीसलपुर।** कछला से गंगाजल लेकर कावड़ियों का विधायक ने तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ फल वितरित किए। रविवार को बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांवरिया कछला से गंगाजल लेकर जैसे ही बीसलपुर बरेली मार्ग पर भड़रिया पुल के पास पहुंचे विधायक विवेक वर्मा ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तथा फल वितरित किए। फल वितरण में भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कावड़ियों ने गुलेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंच कर ओम नम: शिवाय का जाप किया। सोमवार को उनके द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा।

### रोटरी मातृ क्लब ने लगाए स्टाल




**पीलीभीत।** रोटरी मातृ शक्ति क्लब से जुड़ी महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसके बाद स्टॉल लगाकर लोगों को फल वितरण किए। इस मौके पर रोटरी क्लब की अध्यक्ष चारू धवन, सक्रेटरी मोनिता अग्रवाल, चार्टर प्रेसीडेंट मोनिका बंसल, पूनम चंद्रा, कंचन अग्रवाल, सोमना अग्रवाल, दीपाली पुरी, पूजा कोहली, प्रिया जगोता, पूजा छाबड़ा, पूजा अग्रवाल, प्रिया थम्मन, अनीता अग्रवाल मौजूद रही।

# यातायात नियमों की कावड़ियों को दी सीख, बांटे हेलमेट



कांवड़ियों के जत्थे को हेलमेट पहने के बाद रवाना करते एआरटीओ और अन्य अधिकारी।

संवाददाता, पीलीभीत

- मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर परिवहन विभाग की ओर से आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सावन के महीने में पीलीभीत से काफी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर आ रहे हैं। सोमवार के दिन शिवालयों पर कांवड़ से लाए गए गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। मोटरसाइकिलों से कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की पुलिस ने हेलमेट बांटते हुए उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत भी किया गया।

रविवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल और डीएम संजय कुमार के निर्देश पर परिवहन और यातायात पुलिस की ओर से कांवड़ लाने के लिए निकले कांवड़ियों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने और हेलमेट वितरण करने के लिए शहर के अर्धनारीश्वर मंदिर के बाहर कैंप का आयोजन किया। जहां कछला कावड़ लेने के लिए जा रहे 32 कांवड़ियों को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, यातायात क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या, यात्री कर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे, हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने उन पर पुष्प वर्षा कर उनका पहले स्वागत किया। फिर उन्हें निःशुल्क हेलमेट पहनाकर उन्हें जागरूक किया गया। एआरटीओ ने कहा यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। इसलिए सावन के पवित्र महीने में सभी यातायात नियमों के पालन करने की शपथ लें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

# अत्याचार के विरोध में फूंका बांग्लादेश का पुतला

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार :** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां के हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर जगह-जगह हिंदू संगठन विरोध प्रदर्शन कर रोष जता रहे हैं। वहीं, इसको लेकर कस्बे में भी महाकाल एक्टिव सेवा एवं गौ रक्षा कमेटी के सदस्यों ने बांग्लादेश के आतंकि संगठन के प्रति विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश का पुतला दहन किया।

रविवार शाम महाकाल एक्टिव सेवा एवं गौ रक्षा समिति की संयुक्त टीम पांच बजे एकत्र हुई और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध जाहिर किया। इसका कड़ा विरोध करते हुए संगठन के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए फिर पुतला दहन किया। साथ ही प्रधानमंत्री से वहां के हिंदुओं की सुरक्षा की गुहार लगाई।

प्रदर्शन करने वालों में नितिन गुप्ता, प्रियांशु यादव, अंकित मिश्रा प्रियांशु त्रिवेदी, आर्यन गुप्ता, जितिन गुप्ता, सचिन मिश्रा, देवेंद्र, कपिल मिश्रा शाहिद समस्त महाकाल एक्टिव सेवा के सदस्य मौजूद रहे।




बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन करते महाकाल एक्टिव सेवा के पदाधिकारी।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आठ घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रंजिश को लेकर कई लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें आठ लोग घायल हो गए। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोवल पतिपुरा की है। यहां के शिवम, सत्यम, अवनीश और श्री कृष्ण ट्रैक्टर ट्राली से गोला जा रहे थे। आरोप है गांव के पूर्व प्रधान अरविंद कुमार इस दौरान रंजिशन गाली देने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो अपने भाई विनोद की मदद से लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल कर दिया गया।

इसके अलावा पूर्व प्रधान अरविंद कुमार ने भी कोतवाली तहरीर देकर आरोप लगाया गांव के शिवम, सत्यम, अवनीश उससे पुरानी रंजिश मानते चले आ रहे हैं। इस पर आरोपियों ने पीड़ित के भाई विनोद की घेराबंदी कर मारपीट शुरु कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल कराया है। इधर, ग्राम किशनी निवासी गिरधारी लाल के पुत्र रिंकू को गांव के ही तीन लोगों ने रास्ते में घेराबंदी कर उसकी पिटाई कर घायल कर दिया। जबकि ग्राम रसिया खानपुर निवासी मकसूद खान अमृता गांव में यूकेलिप्टस की लकड़ी कटवा रहा था। इसी दौरान उसकी गांव के दो लोगों से कहासुनी हो गई। जिसको लेकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

# अहंकार को मिटाए बिना नहीं होती सच्चे सुख की प्राप्ति

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** शिंवुआ के प्राचीन गौरीशंकर महादेव मंदिर पर चल रही श्री शिव पुराण महा कथा में छठे दिन भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान हुआ, जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए।यजमान बने इंटर कॉलेज के प्रबंधक पंकज जायसवाल ने पत्नी पूनम के साथ मिलकर पूजा अर्चना संपन्न कराई। कथावाचक आचार्य भगवान शरण ने कहा महाकाल शिव की आराधना करने और नाम जपने वाले भक्त पापों से मुक्त होकर मनोवांछित फल के भागीदार बनते हैं ।भगवान शिव जीवों पर दया करने वालों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। जीवों पर दया और मानव के प्रति दयालु रहने वालों पर भगवान शिव की विशेष कृपा होती है, इसलिए किसी से कभी द्वेष भावना नहीं रखनी चाहिए और अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की हमेशा हर संभव मदद भी करनी चाहिए। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद में हलवा चना वितरित हुआ।व्यवस्था में मंदिर के महंत स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज,आचार्य ब्रम्हरेश,व्यापारी पंकज जायसवाल,अबनीश जायसवाल,प्रियंक तिवारी मुल्लन,रामेन्द्र गोस्वामी,इंद्रपाल कश्यप,भाजपा अध्यक्ष विक्रम गंगवार,अजय जायसवाल,विकेश जायसवाल,पूर्व प्रधान महेन्द्रपाल का सहयोग रहा।



शिवपुराण कथा में सपत्नीक पूजन कराते यजमान पंकज जायसवाल। ● अमृत विचार

- कथा में छठे दिन हुआ भगवान शिव की महिमा का गुणगान

### राम जन्मोत्सव की कथा सुनाई



**बरखेड़ा।** कस्बे में स्थित गांधी आश्रम पर चल रहे वार्षिक अष्टम राम कथा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को फर्रुखाबाद से पधारे कथा व्यास प्रेम मूर्ति पंकज मिश्रा ने राम जन्मोत्सव की कथा श्रवण कराई। उन्होंने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान अपने के लिए अवतार लेते हैं। वैसे तो राम जन्म के अनेक कारण है। पर प्रभु राम विप्र, गाय,धरती,देवता इन सभी के लिए धर्म की स्थापना करने के लिए अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने रामचरितमानस की चौपाई सुनते हुए कहा कि राम जन्म के हेतु अनेका। परम विचित्र एक ते एका।। कथा व्यास प्रेम मूर्ति पंकज मिश्रा ने बताया कि कस्बे में स्थित गांधी आश्रम वार्षिक अष्टम राम कथा महोत्सव सात दिवसीय नौ अगस्त से शुरू हुआ। जिसका समापन आगामी 15 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शाम के सात बजे से रात के दस तक राम कथा का आयोजन हो रहा है।

## एक नजर

### कार्रवाई से बचने को हाथ-पैर मार रहे झोलाछाप

**अल्हागंज।** डिप्टी सीएमओ की कार्रवाई से बचने के लिए नगर के झोलाछाप हाथ पैर मार रहे हैं। हालांकि छापामारी से एक झोलाछाप ने स्वयं को बचा लिया है। यह स्वयं को हड्डी रोग विशेषज्ञ बताता है। शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ मोहम्मद आसिफ खान ने शिकायतें मिलने के बाद कस्बे के झोलाछाप डॉक्टर, अवैध पैथोलॉजी और एक कथित हड्डी रोग विशेषज्ञ को पकड़ने के लिए छापामारी की थी। इसकी जानकारी उसे हो गई। जिसके बाद वह दुकान का शटर गिरा मौके से गायब हो गया। इस कार्रवाई के बाद सभी ने अपनी दुकानों से क्लीनिक संबंधी बोर्ड हटा दिए और सीएमओ ऑफिस तक अपनी पहुंच व सिफारिशें लगानी शुरू कर दी। दूसरी तरफ डिप्टी सीएमओ ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध क्लीनिक, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजी चलाने वाले संचालकों पर कार्रवाई होगी।

### अज्ञात में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आईटीआई कॉलोनी निवासी कन्हैया गुप्ता ने बताया कि 6 अगस्त को दिन में दो बजे उसका भाई रामू गुप्ता हरदोई बाईपास पर शिव की झांकी देखने के लिए गया था। वह सड़क के किनारे खड़ा था। ट्रक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक ट्रक लेकर भाग गया। उसके भाई का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अफसरों ने गोद लिए गांव... फिर भी कुपोषण की जंग में पिछड़ रहा जिला

## जनपद में 7334 बच्चे कुपोषण का शिकार, जांच में 1322 मिले अतिकुपोषित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सरकार कुपोषित बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। यहां तक की अफसरों को जहां कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या अधिक है वह गांव गोद दिए गए हैं। बावजूद अफसरों के गोद लिए गांवों में भी बच्चों का कुपोषण से पीछा नहीं छूट रहा। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक जनपद में पंजीकृत 1.89 लाख बच्चों में से करीब 7334 बच्चे कुपोषण का शिकार पाए गए है। वहीं जिम्मेदार इस दिशा में फजीहत से बचने को हर बार की तरह बेहतर प्रयास किए जाने का दावा कर रहे हैं।

- **जिले के 549 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को नहीं मिल रहा भोजन**

तराई के इस जिले में कुपोषण की रोकथाम को विभिन्न योजनाएं चलाई गई और वर्तमान में कुछ योजनाएं चल भी रहीं हैं। करीब दो साल पहले अफसरों ने कुपोषण से मुक्ति के लिए गांव भी गोद लिए थे। उस दौरान तय किया गया था कि अफसर गांव जाकर स्थिति को जानेंगे और चिन्हित बच्चों पर नजर रखकर उन्हें सुविधाएं मुहैय्या कराएंगे।

मगर, यह अभियान कागजों से शुरू होकर कागजों में ही दम तोड़ गया। शासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को हॉट कुक्ड दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन अपने जिले में इस योजना की स्थिति कुछ ठीक नहीं हैं। विभागीय अफसरों की मानें तो जनपद के 1940 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1411 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को हाट कुक्ड दिया जा रहा है। शेष में स्टाफ आदि की कमी के चलते योजना अमल में नहीं लाई जा सकी है। यही वजह है कि कुपोषण मुक्ति के लिए सालों से चल रहीं योजनाओं के बाद भी जनपद के बच्चों का कुपोषण से मुक्ति नहीं मिल पा रही है।



अमरिया क्षेत्र के गांव धुंधरी में बना आंगनबाड़ी केंद्र।

### भरपूर पौष्टिक आहार, फिर भी बच्चे कुपोषित

विभाग के मुताबिक नौनिहालों की सेहत संवारने के लिए 06 माह से 03 वर्ष तक के बच्चों को एक-एक किलो चावल, दलिया, चना दाल एवं 455 ग्राम सोयाबीन दिया जाता है। 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए आधा-आधा किलो चावल, दलिया, चना दाल, गर्भवती महिलाओं को चावल, दलिया, चना दाल एवं सोयाबीन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अतिकुपोषित की श्रेणी में पाए जाने वाले बच्चों के लिए डेढ़ किलो चावल, डेढ़ किलो दलिया, दो किलो चना दाल और 455 ग्राम सोयाबीन दिए जाने का दावा किया जा रहा है। इन सबके बावजूद बड़ी संख्या में बच्चों का कुपोषित होना एक सवालिया निशान उठाता नजर आ रहा है।

### 1.84 लाख बच्चों में 7334 बच्चे कुपोषण का शिकार

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से पिछले माह वजन दिवस पर अभियान चलाकर करीब 1.89 लाख बच्चों का वजन कराया गया। वजन दिवस के बाद जो रिपोर्ट सामने आई, वह चौंकाने वाली रही। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 1.89 लाख बच्चों में 1322 बच्चे अति कुपोषित की श्रेणी में पाए गए। वहीं 6012 बच्चे आंशिक कुपोषित पाए गए। रिपोर्ट के मुताबिक 5751 बच्चों का निर्धारित से कम वजन पाया गया, जबकि 29147 बच्चे आंशिक अल्प वजन की श्रेणी में पाए गए।

> जनपद में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उन्हें पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाता है। हर माह आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन दिवस का भी आयोजन किया जाता है। कुपोषित बच्चों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। आवश्यकतानुसार उन्हें पोषण पुर्नवास केंद्र में भी भर्ती कराया जाता है। - **युगल किशोर सांगुड़ी**, जिला कार्यक्रम अधिकारी।

### जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव कुइया निवासी ओमप्रकाश ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी कुइयां गांव में कृषि भूमि है। जिस पर उसने कुछ माह पूर्व अपने खेत की मेड़बंदी न्यायालय द्वारा कराई थी। जिस पर उसके खेत का कुछ रकबा पड़ोस के ही महेश के खेत में निकाला था। जिस पर कानूनगो द्वारा तूदाबंदी भी कराई गई थी। इसके बाद जब ओमप्रकाश ने महेश आदि से खेत को कब्जा मुक्त करने को कहा तब महेश, चमन, हीरालाल, रामसेवक व कृपाल ने 27 फरवरी 24 को समझौता करते हुए कहा था कि वह खेत में खड़ी फसल काटने के बाद खेत को छोड़ देंगे। अप्रैल में फसल कटने के बाद, जब वह जून में खेत की जुताई करने पहुंचा तो महेश, चमन, हीरालाल, रामसेवक व कृपाल ने गाली गलौज कर भगा दिया और जान से मार देने की धमकी दी। उसके बाद ओमप्रकाश उच्चाधिकारियों के यहां चक्कर लगाता रहा। शनिवार को थाना दिवस में ओमप्रकाश ने प्रार्थना पत्र देकर जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की। जिस पर पुलिस ने ओमप्रकाश की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# ट्रक से उतारा गया 13 बोरी सरकारी राशन पकड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

- **परिवहन ठेकेदार ने कालाबाजारी के लिए रास्ते में उतरवा दिया था एक कोटेदार को जा रहा राशन**
- **पूर्ति निरीक्षक ने छापेमारी में पकड़ा, डीएम के निर्देश पर ठेकेदार समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई**

**अमृत विचार :** परिवहन ठेकेदार ने वितरण के लिए मिले सरकारी राशन को कालाबाजारी करने के लिए रास्ते में उतार दिया। इसकी सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों ने डीएम के निर्देश पर टीम के साथ छापेमारी कर 13 बोरी राशन जब्त कर लिया। साथ ही मामले में पूर्ति निरीक्षक ने ठेकेदार सहित तीन लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वैसे तो परिवहन ठेकेदार और कर्मचारियों की मिलीभगत से कोटेदार का राशन हड़पने की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन इस बार यह सच सामने भी आ गया। जानकारी के मुताबिक रविवार को ललौरीखेड़ा से एक ट्रक कोटेदारों का राशन भरकर पूरनपुर पहुंचा। इसमें चांट फिरोजपुर की कोटेदार माया देवी का सरकारी राशन भी लदा हुआ था। परिवहन ठेकेदार ने माया की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर 13 बोरी चावल कम उतारकर बाद में देने की बात कही। इसके बाद ठेकेदार ने कोटेदार का 13 बोरी चावल धनाराघाट रोड पर स्थित एक धर्मकांटे पर कालाबाजारी करने के लिए रखवा दिया। मुखबिर ने इसकी सूचना खाद्यान्न एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दी। इस पर पूर्ति निरीक्षक बीके मिश्रा टीम के साथ धर्म कांटे पर पहुंच गए। वहां 13 बोरी सरकारी राशन रखा हुआ था। पूछताछ में ठेकेदार के कर्मचारी इसके संतोष जनक जबाव नहीं दे सके। बताया जा रहा गत दिनों पहले ब्लाक सभागार में हुई कोटेदरों की बैठक में भी परिवहन ठेकेदार पर कम राशन देने की शिकायत की गई थी।

आरोप है सिद्धि बिजनेश सॉल्यूशन के प्रोपराइटर अंकित सिंह, उनके प्रतिनिधि हिमांशु सिंह निवासी लखनऊ, राज निवासी निरंजन कुंज कॉलोनी और धर्मकांटा मालिक मुन्न खां ने सरकारी राशन का कालाबाजारी करने का प्रयास किया। मामला डीएम संजय कुमार तक पहुंचा। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### मेहंदी प्रतियोगिताः जैनब और तय्यबा ने बाजी मारी




**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता की शुरुआत नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने मेहंदी लगवाकर कराई। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य सबा कमाल, पुष्प इंस्टीट्यूट में गृह विज्ञान की प्रवक्ता भावना कटियार, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका रीना मिश्रा शामिल रहीं। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सेंट एलायसिस की जैनब, द्वितीय स्थान इकरा पब्लिक स्कूल की अक्सा और तृतीय स्थान ग्रीनवुड स्कूल की छात्रा उरूज ने पाया। सीनियर वर्ग में हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज की छात्रा तय्यबा फातिमा प्रथम, वीरांगना अवंती बाई की नैना द्वितीय और इकरा स्कूल की छात्रा फातिमा रही। सांत्वना पुरस्कार असना, फाईका शम्सी, फाएजा फातिमा, फबेहा, इफरा बी. माहिरा ने हासिल किया। संचालन प्रधानाचार्य अखलाक हसन खं ने किया। प्रबंधक इकबाल हसन खां, सखावत उल्ला खां, अयाज अहमद खां, रामजी नाथ, मुमताज अहमद, वसीम उद्दीन खां, सैयद शारिक अली, डा0 कमालुद्दीन, अफसार अहमद, कमाल शमसी, रजनी सक्सेना, शबाना मौजूद रही।

### निर्वाचित बच्चों को दिलाई शपथ



**पीलीभीत।** चौधरी निहाल सिंह इंटर कॉलेज में छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख लालौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, प्रबंधक चौधरी दिग्विजय सिंह, दुर्गेश आर्य ने नवनिर्वाचित छात्र संसद को शपथ दिलाकर उनके पदों की जिम्मेदारी के निर्वाहन के लिए प्रेरित कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्राचार्य एसपी सिंह, प्रधानाचार्य स्वप्निल जैन, यशपाल, कौशल गंगवार, तेज बहादुर, संतोष कुमार, दाताराम मौजूद रहे।

### स्काउट-गाइड के जन्मदाता का मना जन्मदिन



**पीलीभीत।** भारत स्काउट और गाइड की ओर से शनिवार को स्काउट भवन परिसर में भारतीय स्काउट के जन्मदाता पंडित राम वाजपेयी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्काउट गाइड ने स्काउट भवन परिसर में श्रमदान किया। इसके बाद पंडित राम वाजपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण किया। जीवन सदस्य अनीता मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे ने बताया कि प्रादेशिक ट्रेनिंग केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में पीलीभीत के राजा पंडित राम वाजपेयी ने स्काउट के लिए दान किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना ने बताया राम वाजपेयी के पिता एक विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे। जिला समन्वयक अभिषेक प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर योगेश मौर्य, मनोज राना, तनुष्का शर्मा, अभिजीत कुशवाहा, नितिन, धर्मादित्य आदि मौजूद रहे।

### बांग्लादेश और सलमान खुर्शीद का फूंका पुतला



**रौसर कोठी।** समस्त संत समाज त्यागी मोर्चा ने रविवार को बांग्लादेश और सलमान खुर्शीद का पुतला हरदोई बाईपास चौराहे पर दहन किया। इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम चेतन त्यागी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू बहन-बेटियों एवं भाइयों के साथ घोर अत्याचार हो रहा है। वहीं कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद हिंदू सनातन धर्म के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बांग्लादेश से भारत में आए लगभग 7 करोड़ घुसपैठियों को भगाएं, अन्यथा समस्त संत समाज त्यागी मोर्चा बाध्य देश में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। पुतला दहन के दौरान राजेंद्र मिश्रा, सोनू प्रजापति, मुनेश सक्सेना, राजेश शर्मा, प्रवीण सिंह, नन्हे शुक्ला, संजीव मिश्रा, दीपक शुक्ला, आलोक प्रताप सिंह, विपिन सिंह, पूजा सक्सेना, किरण देवी आदि मौजूद रहे।

# शराब का पव्वा नहीं देने पर सेल्समैन को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **एक अन्य घटना में युवक पर खुरपी से किया प्रहार**

**अमृत विचारः** शराब का पव्वा उधार में नहीं देने पर एक युवक का देशी शराब की दुकान पर तैनात सेल्समैन से कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाद इस कदर बढ़ा कि युवक ने सेल्समैन को पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलिस ने घायल की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, एक अन्य घटना में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर खुरपी से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है

कलान थाना क्षेत्र के गांव जखिया निवासी विनोद कुमार गांव के देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। गुरुवार की शाम छह बजे वह दुकान पर था। गांव का सुनील आया और कहा कि उधार शराब के दो पव्वा दे दो। उसने मना करने पर विवाद हो गया। आरोपी ने उसे दुकान से बाहर घसीट लिया और पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उप निरीक्षक रिंकू कुमार ने बताया आरोपी सुनील के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर कलान थाना क्षेत्र के गांव हरेली नेकपुर निवासी पंचम ने बताया कि शुक्रवार की शाम कलान बाजार जा रहा था। गांव के ब्रजेश, राजकुमार व विकास ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे खुरपी मारकर घायल कर दिया।

### मारपीट मामले में पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप

**रौसरकोठी, अमृत विचारः** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ताहवरगंज निवासी अंकुश श्रीवास्तव इंडियन बैंक सीतापुर में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए पत्र में बताया कि आठ अगस्त को कुछ लोगों ने पिता राजकुमार श्रीवास्तव के साथ मारपीट कर लहुलुहान कर दिया था। तहरीर देने पर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बल्कि पिता के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर ली। बैंक प्रबंधक ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इंस्पेक्टर आरसी मिशन चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि राजकुमार श्रीवास्तव अकारण ही मोहल्ले के लोगों से लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं। आठ अगस्त को पड़ोसी से विवाद के चलते मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शासन ने बढ़ाई मियाद, अब किसान 25 तक करा सकेंगे फसल का बीमा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **2058 रुपये का प्रीमियम जमा कर मिलेंगे102900 प्रति हेक्टेयर**
- **किसानों को सहूलियत देने के लिए शासन ने उठाया कदम**

**अमृत विचारः** जनपद के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब 25 अगस्त तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकेंगे। शासन ने इसकी तारीख बढ़ा दी है। पहले फसल का बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है। केंद्र सरकार फसलों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चला रही है।

इसमें फसलों की क्षति होने पर बीमित किसानों को 72 घंटे के अंदर व्यक्तिगत दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत करना होगा। व्यक्तिगत दावे में किसान को अपनी ग्राम पंचायत, प्रभावित खेत का खसरा नंबर, फसल और प्रभावित क्षेत्र का विवरण देना होगा। इसके बाद सूचना प्राप्त होने पर कंपनी 48 घंटे में व्यक्तिगत आधार पर क्षति के आकलन के लिए सर्वेयर को भेजेगी।

नुकसान के आधार पर क्लेम कर किसान क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त कर सकते हैं। इधर शासन के निर्देश पर खरीफ फसलों को लेकर फसल बीमा प्रक्रिया शुरू करते हुए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी। जिसके बाद इसकी तिथि बढ़ाते हुए 10 अगस्त कर दी गई थी। इधर अब शासन ने एक बार फिर फसलों का बीमा कराने के लिए इसकी तारीख बढ़ा दी है। अब फसल बीमा कराने से वंचित रहे किसान 25 अगस्त तक फसलों का बीमा करवा सकते हैं। धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 2058 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम देना होगा। यदि प्राकृतिक कारणों से फसल को नुकसान हो जाता तो आकलन करने के बाद संबंधित किसानों को 102900 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से भरपाई की जाएगी।

> खरीफ सीजन को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान फसल का बीमा प्रक्रिया चल रही है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 25 अगस्त की गई है। फसल बीमा कराने से वंचित रहे किसानों से अपील है कि वे अपनी फसलों का बीमा करवा लें ताकि फसल नुकसान होने पर क्षति की भरपाई की जा सके। - **नरेंद्र पाल**, उप निदेशक कृषि

# 30 मिनट बारिश...गर्मी से राहत, सड़कें हुईं जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सावन के चौथे सोमवार से पहले रविवार को सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। फिर अचानक बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। इधर, यह बारिश सुबह के समय कुल 30 मिनट हुई। इससे शहर की कई गली मोहल्ले और बाजारों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति गया। जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि बारिश रुकने के बाद दिन भर बादल छाए रहे। मौसम खुशनुमा होने पर लोगों ने राहत महसूस करते दिखाई दिए। बारिश के चलते कुछ इलाकों में बिजली का संकट भी रहा।

शनिवार सुबह से ही उमस भरी गर्मी के कारण शहरवासी परेशान थे। रविवार को सुबह सवा 11 बजे अचानक मौसम में आए बदलाव से लोगों ने राहत की महसूस की। कुछ देर बाद बारिश होने का सिलसिला करीब 30 मिनट तक रहा। इससे लोगों को काफी राहत मिली। करीब 12 बजे के बाद हल्की फुहार गिरती रही। बारिश होने से शहर के अशोक कॉलोनी गेट, मधुवन कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड, मोहल्ला डालचंद के साथ शहर के विभिन्न मोहल्लों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिन जगहों पर पानी भरा था कुछ देर के बाद निकल गया।

- **शहर में मधुवन कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड समेत कई इलाकों में हुआ जलभराव**

बारिश के चलते अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि मौसम में आर्द्रता 100 और 84 प्रतिशत दर्ज की गई है। बारिश की वजह से अन्य दिनों की तुलना रविवार को तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एस एस ढाका ने बताया कि पूरे दिन में कुल 20 मिमी बारिश दर्ज की गई है। आगे भी बादल छाए रहने के साथ ही धूप निकलने के आसार है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं, शहर में कुछ स्थानों पर पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को नुकसान उठाना पड़ा।


मधुवन कॉलोनी के बाहर सड़क पर भरा पानी। • अमृत विचार


रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर भरा गंदा पानी। • अमृत विचार


अशोक कॉलोनी गेट पर हुआ जलभराव। • अमृत विचार

### शिव भक्तों ने गाजे बाजे के साथ निकाली जलाभिषेक यात्रा

**जलालाबाद।** सावन के पवित्र माह में बजरंग दल ने भोलेनाथ की भव्य जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। रविवार सुबह भारतीय बजरंग दल की विशाल बाइक जलाभिषेक यात्रा काकोरी शहीद इंटर कॉलेज से मदनापुर के गांव फिरोजपुर शिव मंदिर जाने के लिए तैयार हुई। बारिश में भी लोगों का जोश कम नहीं हुआ। शिव भक्तों ने गाजे बाजे के साथ जलाभिषेक यात्रा का आरंभ किया। बाइक जलाभिषेक यात्रा काकोरी शहीद इंटर कॉलेज से निकल कर बरेली कानपुर स्टेट हाईवे पहुंची तो स्वागत के लिए जगह जगह खड़े शिव भक्तों ने उनका फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद शिव भक्त नाचते गाते मदनापुर होते हुए प्राचीन शिव मंदिर फिरोजपुर पहुंचे, जहां बाबा का जलाभिषेक करने के बाद आशीर्वाद लिया देश व समाज की तरक्की के लिए कामना की। इस दौरान शिव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो गया। जलाभिषेक यात्रा में मुनिराज सिंह, विपिन सिंह, छोटू, ब्लाक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशु रघुबंशी, जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख पति अमित कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, भाजपा नेता ब्रह्म कुमार दीक्षित, मनमोहन द्विवेदी, बार संघ अध्यक्ष श्याम बाबू सिंह, गौरव प्रताप, मुनेन्द्र सिंह राठौर सहित भारी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

# सपा ने चलाया अगस्त क्रांति का सदस्यता अभियान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक रोड स्थित साबरी अहाता में सपा ने अगस्त क्रांति सदस्यता अभियान चलाया। प्रभारी कल्लू गुर्जर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गुटबाजी छोड़कर गांवों में जाकर लोगों को सदस्यता अभियान से से जोड़ें।पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा जनता समाजवादी पार्टी से जुड़ना चाहती है। लोगों मे समाजवादी पार्टी के प्रति उत्साह है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जगदेव सिंह जग्गा कहा कि पूरे जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोग बढ़ चढ़कर समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज कुमार राजू ने कहा कि पूरनपुर क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अरशद दद्दा, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू ,मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष संजय खान, छात्रसभा जिला महासचिव नाबिर अली मंसूरी रहे, कल्याण सिंह सरोज, नजमुल हसन खान, अनवर खान अनु, अजीम खान, रियाज अहमद, पंकज मिश्रा, हाजी लाडले, शाहिद लल्ला, फिरोज अंसारी,अहिद खां, इमरान खान आदि लोग मौजूद रहे।


सदस्यता ग्रहण करने के लिए पहुंचे लोग। • अमृत विचार

**कार्यालय उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय**
**सशस्त्र सीमा बल (SSB), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, पीलीभीत**

**आवश्यकता है**

उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB) पीलीभीत के कार्यालय की स्थापना हेतु किराये पर पीलीभीत शहर अथवा आस-पास के क्षेत्र में ऐसे भवन की आवश्यकता है, जिसका कि कुल क्षेत्रफल 10,000 वर्ग फुट से 16,000 वर्ग फुट हो तथा जिसमें कि 8 से 12 बड़े कमरे, 2 से 4 हॉल, 3 से 4 शौचालय, 10-12 गाड़ी खड़ी करने हेतु स्थान, बड़ी गाड़ी जाने के लिए रोड, चारदीवारी एवं कुछ खुली जगह हो। इच्छुक व्यक्ति दूरभाष सं. 9412911941 एवं 05882-297143 पर सम्पर्क करें अथवा किसी भी कार्य दिवस में 10 दिन के अन्दर सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), 10 कुंवरगढ़, निकट दुधिया मंदिर रोड, पीलीभीत में सम्पर्क करें।

**उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), पीलीभीत**

